हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# बोर्ड का फार्म भरने में एक दिन भी देरी तो देना होगा एक हजार विलंब शुल्क

## छात्रों से नहीं होगी वसूली: 9वीं से 12वीं के एडमिशन-परीक्षा फॉर्म की गाइड लाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के नियमित विद्यार्थियों के प्रवेश और बोर्ड परीक्षा फॉर्म भरने संबंधी विस्तृत गाईड लाइन जारी कर दी है। इसके तहत स्कूलों को 31 अगस्त तक प्रवेश सूची के साथ परीक्षा और नामांकन फॉर्म ऑनलाइन भरना होगा।

वहीं परीक्षा आवेदन शुल्क और परीक्षा शुल्क 30 सितंबर तक ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य रहेगा। मंडल ने स्पष्ट किया है कि पोर्टल लॉक (बंद) होने से पहले सभी प्रविष्टियों की अच्छी तरह जांच कर ली जाए। यदि पोर्टल दोबारा खोलने की आवश्यकता पड़ती है तो प्रतिदिन 1000 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। यह शुल्क स्कूल संस्था से लिया जाएगा और किसी भी स्थिति में विद्यार्थियों से इसकी वसूली नहीं की जाएगी। माशिमं ने निर्देश दिया है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के नियमित विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रविष्टि करते समय विशेष सावधानी बरती जाए। यदि किसी छात्र की जानकारी गलत दर्ज होती है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रमुख की होगी। मंडल ने यह भी स्पष्ट किया है कि कक्षा 10वीं और 12वीं के विषयों में संशोधन 31 दिसंबर 2026 के बाद स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### 31 जनवरी तक प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट के अंक होंगे दर्ज

गाईड लाइन के अनुसार प्रैक्टिकल और प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक 31 जनवरी 2027 तक ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य होगा। इसके बाद अंक प्रविष्टि या संशोधन के लिए केवल दो दिन के लिए पोर्टल खोला जाएगा। इस अवधि में भी पोर्टल खोलने पर प्रतिदिन 1000 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। विलंब शुल्क की गणना 31 जनवरी के बाद से की जाएगी।

### सभी प्रक्रिया की तिथि तय

**31 अगस्त:** प्रवेश सूची, नामांकन और परीक्षा फॉर्म की तिथि

**30 सितंबर :** परीक्षा आवेदन शुल्क, परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि

**31 दिसंबर 2026 :** कक्षा 10वीं और 12वीं के विषय संशोधन की अंतिम तिथि

**31 जनवरी 2027 :** प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट परीक्षा के अंक ऑनलाइन दर्ज करने अंतिम तिथि

**फरवरी 2027 :** बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को देखते हुए जनवरी से प्रैक्टिकल एवं प्रोजेक्ट परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।




### स्टाफ की जानकारी देनी होगी

मंडल ने सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों को निर्देश दिया है कि प्राचार्य सहित पूरे अकादमिक स्टाफ की जानकारी भी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। यदि यह जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो संबंधित स्कूल की प्रवेश सूची और विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं। माशिमं के अनुसार 10वीं और 12वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद 10 दिन की समय-सीमा के भीतर पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

---

## समितियों से खाद लेने के लिए कर्ज लेना अनिवार्य! किसान परेशान

# अऋणी किसानों को सोसायटियों से नगद में नहीं मिल रहा डीएपी-यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले सहित आसपास के पूरे अंचल में इन दिनों खरीफ फसल की बुआई का काम जोरों पर चल रहा है। इस महत्वपूर्ण समय में खेतों में डालने के लिए यूरिया और डीएपी खाद की आवश्यकता सबसे अधिक होती है। कृषि कार्य को समय पर पूरा करने किसान भारी संख्या में सहकारी समितियों का रूख कर रहे हैं, परंतु सहकारी समितियों से एक बेहद परेशान करने वाली व्यवस्था सामने आ रही है। अंचलभर की सहकारी समितियों में अपनी खेती के लिए खाद लेने पहुंच रहे ऐसे किसान जो समिति से किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लेना चाहते हैं, बल्कि नगद भुगतान कर खाद खरीदना चाहते हैं उन्हें नगद खाद देने से साफ मना किया जा रहा है। समितियों द्वारा इन जरूरतमंद किसानों को खाद देने के लिए मजबूरन ऋण लेने के लिए कहा जा रहा है। जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

समितियों के इस रवैये के कारण क्षेत्र के किसानों को बैरंग लौटना पड़ रहा है। खुले बाजार यानी निजी दुकानों में रासायनिक खाद के दाम लगभग डबल हो चुके हैं। जिसके चलते गरीब और मध्यम वर्गीय किसान वहां से महंगी दरों पर खाद खरीदने में पूरी तरह असमर्थ हैं। निजी दुकानदारों की मनमानी और ऊंचे दामों की मार से बचने के लिए किसान सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं, परंतु वहां भी उन्हें राहत नहीं मिल रही है। समितियों की इस मजबूरी का फायदा उठाकर किसानों को जबरन कर्जदार बनाया जा रहा है और किसान भी फसल बचाने की चिंता में ना चाहते हुए भी ऋण के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर खाद उठाने को मजबूर हो गए हैं। समितियों के इस रवैये से उन किसानों को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है, जो कर्ज के बोझ से दूर रहकर अपनी जमा पूंजी से खेती करना चाहते हैं। ग्रामीण अंचल के किसान संघों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मौखिक व्यवस्था को तत्काल बंद किया जाए और नगद राशि लेकर खाद का सुचारू वितरण शुरू किया जाए, ताकि बिना कर्ज के भी किसान अपनी फसलों को समय पर यूरिया और डीएपी दे सकें। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में खरीफ फसलों के उत्पादन पर इसका सीधा विपरीत असर पड़ना निश्चित है।

### खास बातें

- खाद लेने से पहले किसानों को कर्ज लेने की बातें कही जा रही
- नगद खाद नहीं मिलने से दिक्कतें



### मौखिक आदेश बना कारण

इस पूरे मामले में जब विभिन्न सोसाइटियों के आंतरिक सूत्रों से जानकारी ली गई तो एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। सरकारी नियमावली में ऐसा कोई भी लिखित नियम या प्रावधान मौजूद नहीं है, जो नगद खाद बेचने से रोकता हो। इसके बावजूद उच्च अधिकारियों द्वारा मौखिक रूप से सभी समितियों को यह कड़े निर्देश दिए जाते हैं कि किसानों को ऋण लेने पर ही खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाए। इस मौखिक आदेश की आड़ में समिति प्रबंधक और कर्मचारी अपनी ऋण वितरण की कागजी पूर्ति करने के लिए किसानों पर लगातार दबाव बना रहे हैं।

### भंडारण की स्थिति

राजनांदगांव जिले में खरीफ 2026 में 45650 मीट्रिक टन एवं निजी क्षेत्र में 23310 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 45144 मीट्रिक टन उर्वरक सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र में लक्ष्य के विरूद्ध 18589 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। जिले में लक्ष्य की तुलना में सहकारी एवं निजी क्षेत्रों से यूरिया 23561 मीट्रिक टन, एसएसपी 8570 मीट्रिक टन, एमओपी 3259 मीट्रिक टन, डीएपी 4704 मीट्रिक टन एवं एनपीके 11443 मीट्रिक टन किसानों को वितरण किया जा चुका है, जो कि भंडारण की तुलना में 80 प्रतिशत है।

### समितियों का गणित और किसानों की मजबूरी

राजनांदगांव जिले में वर्तमान में कुल 96 सहकारी समितियां कार्यरत है। जबकि नवगठित खैरागढ़ जिले में 51 समितियां और मोहला-मानपुर जिले में 39 समितियां किसानों को सेवाएं दे रही है। इन सभी समितियों में नगद खाद की मांग करने वाले किसानों को बैरंग लौटाया जा रहा है। जिसके कारण किसानों को ना चाहते हुए भी कागजी कर्ज के जाल में फंसना पड़ रहा है। शासकीय रिपोर्ट के अनुसार इस सीजन में अब तक राजनांदगांव जिले में 34248 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अब तक 17982 टन खाद किसानों को बांटी गई है। जबकि मोहला-मानपुर-चौकी जिले में कुल 12478 टन खाद का वितरण संपन्न हुआ है।

---

# अधिवक्ता चुनाव के लिए प्रचार प्रसार का जोर, 29 को मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद प्रचार-प्रसार का दौरा शुरू हो गया है। अध्यक्ष, महिला-पुरूष उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित 14 पदों के लिए 23 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें सबसे अधिक 5 प्रत्याशी पुरूष उपाध्यक्ष पद के लिए हैं।

स्टेट बार काउंसिल के नियमों के मुताबिक जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव प्रत्येक 2 वर्ष में संपन्न होता है। इस चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में काफी उत्साह बना रहता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कार्यकारिणी में 30 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रस्ताव पारित कर कोषाध्यक्ष का पद केवल महिला के लिए आरक्षित किया गया। वहीं 24 जुलाई को अधिवक्ता संघ चुनाव के नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि के बाद अब शेष प्रत्याशी अपने पक्ष में चुनाव प्रचार-प्रचार के लिए लगे हुए हैं। प्रत्याशियों द्वारा अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में मतदान करने अपील की जा रही है। जिससे न्यायालय परिसर में चुनावी माहौल भी नजर आ रहा है।

**निर्विरोध होगा निर्वाचन**

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में दो पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। जिसमें सांस्कृतिक सचिव के लिए नरेन्द्र कुमार सेन और ग्रंथालय सचिव के लिए गज्जू कुमार सेन निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। हालांकि इनके निर्वाचन की घोषणा मतगणना तिथि को होगी।



### तीस जुलाई को होगी मतगणना

जिला अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर अपीलीय अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता हलीम बख्श गाजी ने बताया कि आगामी 29 जुलाई को मतदान की प्रक्रिया सुबह 11 से शाम 5 के बीच जिला न्यायालय परिसर में संपन्न होगी। जिसमें लगभग 650 रजिस्टर्ड मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। वहीं मतों की गणना 30 जुलाई को की जाएगी।

### अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी

अधिवक्ता संघ चुनाव में नामांकन वापसी के बाद अध्यक्ष पद के लिए चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें अरूण कुमार अनोखे, आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, नारायण कन्नौजे व यमन कुमार देवांगन के बीच सीधा मुकाबला होगा। वहीं उपाध्यक्ष पद पुरूष के लिए अमिताप कुमार श्रीवास्तव, अशोक देवांगन, मोरध्वज साहू, राधेश्याम बंजारे, विनोद कुमार ठाकुर, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए जया श्रीवास्तव, वीणा साहू, सचिव पद के लिए दोहन सिंह टंडन, रवि कुमार बोधानी, संतोष रजक, कार्यकारिणी पुरूष सदस्य के लिए अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, गुरूशंकर नेताम, नरेश कुमार गंजीर, संजीव श्रीवास्तव, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, सह-सचिव पद के लिए महेन्द्र सिंह ठाकुर, पंकज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष महिला आरक्षित पद के लिए स्मिता गुप्ता, सुषमा चौहान प्रत्याशी हैं।

---

## खबर संक्षेप

### कुकर्म,आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** पीड़िता से दुष्कर्म करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी अपनी पुत्री के पेट में दर्ज होने से ईलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाने पर पता चला कि पीड़ति 7 माह की गर्भवती है, जिस पर 24 जुलाई को प्रार्थी ने थाना डोंगरगांव में उपस्थित होकर आरोपी कमलनारायण साहू के विरूद्ध लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर थाना डोंगरगांव में धारा 64(2)(के) बीएनएस का अपराध दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़िता द्वारा कुछ बोलकर न बता पाने से प्रकरण और कठिन हो गया, तब सीआरसी सेंटर की मदद से पीड़िता का कथन विधिवत कराया गया और आरोपी की पता तलाश की गई। आरोपी कमल नारायण साहू 24 साल अपने निवास स्थान पर मिला, जिसे पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## माय एंगल




# हितग्राहियों में नाराजगी, तुमड़ीबोड़ में वेंडर बदलने बनाया जा रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के तुमडीबोड़ में उस समय हितग्राहियों की नाराजगी जमकर सामने आई है, जब वे सोलर कनेक्शन को लेकर विद्युत मंडल के दफ्तर पहुंचे और वहां पर बिल में सुधार कर कनेक्शन करने के पूर्व वेंडर बदलने के लिए दबाव बनाए जाने का गंभीर आरोप लगाया गया हैं। नाराज हितग्राहियों ने इस मामले की शिकायत किये जाने की बात कही है।

जानकारी के अनुसार तुमड़ीबोड़ विद्युत मंडल के अंतर्गत सौर ऊर्जा के तकरीबन 11 कनेक्शन के लिए हितग्राही शनिवार को विद्युत मंडल के कार्यालय पहुंचे, वहां पर विद्युत मंडल के संबंधित अधिकारी ने किसानों का बिजली बिल कम करने और कनेक्शन के लिए इस बात का दबाव बनाया कि, मंडल द्वारा दिए जाने वाले चहेते वेंडर से ही सौर ऊर्जा का कनेक्शन लेना पड़ेगा। मंडल के कुछ अधिकारियों की बात सुन हितग्राही नाराज हो गए। बताया गया कि विद्युत मंडल में तुमड़ीबोड़ सहित राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में भी कुछ मंडल के अधिकारियों द्वारा मनचाहे वेंडर का नाम दिया जा रहा है। खबर यह भी है कि जिले में एक विद्युत मंडल के अधिकारी ने अपने परिवार के नाम से वेंडर रजिस्ट्रेशन भी करा लिया है। जिसकी शिकायत हुई है और जांच भी शुरू हो गई है। फिलहाल तुमड़ीबोड़ में वेंडर का नाम दिए जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। बताया गया है कि मंडल के अधिकारी पूरे जिले में मनचाहे वेंडर का नाम दे रहे है।

### ऐसी बात नहीं

पीएम सूर्यघर योजना के तहत फर्म चुनने का अधिकार उपभोक्ताओं को है। वे अपने जानकारी के अनुसार फर्म का चयन कर सकते है।

- **कुबेर सिंह मरकाम,** एई, सीएसईबी तुमड़ीबोड़

# कार्रवाई नहीं की तो भाजपा करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

प्रधानमंत्री के पुतला दहन के दौरान भाजपाईयों द्वारा पुतला लेकर भाग जाने से बौखलाए पूर्व विधायक छन्नी साहू द्वारा भाजपा नेताओं को सरेआम गाली-गलौज किए जाने एवं थाना परिसर में प्रधानमंत्री एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते धरना प्रदर्शन करने के बावजूद उनके एवं कांग्रेसियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को अल्टीमेटम देते कल 26 जुलाई को थाना के सामने विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, भाजपा नेता जगजीत सिंह भाटिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष कान्ता साहू, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, अशोक मरकाम, राजेश्वर धुर्वे, मोनू गुप्ता, टीकम साहू, नैनसिंह पटेल, शेखर भरद्वाज, देवनंद सहारे, स्वपनिल पटेल, शिशुपाल साहू, अमीर खान सहित बड़ी संख्या में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता

### भाजपाइयों ने दिया अल्टीमेटम



### गाली-गलौज का वीडियो वायरल

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा मंडल के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने आज शाम छुरिया थाना पहुंचे, जहां भाजपा नेता चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने थानेदार कौशलेश देवांगन से चर्चा करते कहा कि प्रधानमंत्री के पुतला दहन के दौरान भाजपाईयों द्वारा पुतला लेकर भाग जाना कोई गंभीर अपराध नहीं है, लेकिन इस घटना से बौखलाए कांग्रेस की पूर्व विधायक छन्नी साहू ने भाजपा नेताओं के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली-गलौज की गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने थाना में लिखित रूप में की थी शिकायत

पुतला दहन के दौरान खुलेआम गाली-गलौज किए जाने की शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष कान्ता साहू द्वारा थाना में लिखित रूप से की गई, लेकिन अब तक पूर्व विधायक छन्नी साहू सहित किसी भी कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस बीच पूर्व विधायक ने फेसबुक में पूर्व जनपद सदस्य अमीर खान के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पोस्ट वायरल किया है। जिससे नाराज भाजपाईयों ने पुलिस प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते चेतावनी दी है कि यदि आज रातभर के भीतर पूर्व विधायक एवं कांग्रेसियों के खिलाफ एफआईआर नहीं हुई तो कल भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन छुरिया थाना के सामने किया जाएगा। इसकी पूरी जवाबदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

---

## जिलेभर में गुरु पूर्णिमा पर होंगे आयोजन, गूंजेगा 'गुरवे नम'

# गुरु पूर्णिमा पर होगी गुरुजनों की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्वों की श्रृंखला में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। शहर के मंदिरों सहित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने पर्व की तैयारियां शुरू कर दी है। इस अवसर पर गुरु पूजन, व्यास पूजा, प्रवचन, भजन-कीर्तन तथा सम्मान समारोह जैसे विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर श्रद्धालु अपने गुरुजनों का पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ गुरवे नमः और गुरु वंदना के मंत्रों की गूंज सुनाई देगी। कई संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों और युवाओं को गुरु के महत्व से परिचित कराने विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

इसी दिन महर्षि वाल्मीकि की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। उनके जीवन एवं आदर्शों पर आधारित प्रवचन, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। विभिन्न स्थानों पर विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और समर्पण का प्रतीक पर्व है। यह दिन ज्ञान, संस्कार और आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने वाले गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर माना जाता है। शहर के प्रमुख मंदिरों एवं आश्रमों में गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर विविध धार्मिक आयोजन पूजा-अर्चना की व्यापक तैयारियां की जा रही है। सुबह से ही पूजा-अर्चना, प्रसाद वितरण और सामूहिक गुरु वंदना के कार्यक्रम होंगे। गुरु पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है और पूरा शहर भक्ति एवं श्रद्धा के रंग में रंगने की तैयारी कर रहा है।

## देवशयनी एकादशी: शुभ आयोजनों पर विराम

व्रत त्यौहारों के तहत देवशयनी एकादशी कल शनिवार को है। इसके साथ ही श्री हरि चार माह विश्राम करेंगे। चार महीने योग निंद्रा के बाद देवउठनी एकादशी को वे जागृत होंगे। इसके साथ ही मांगलिक व शुभ आयोजनों का क्रम शुरू हो जाएगा। पंचाग के मुताबिक देवशयनी एकादशी का प्रारंभ तिथि 24 जुलाई सुबह 9.13 बजे से जिसका समापन 25 जुलाई को सुबह 11.35 बजे हुआ। 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी व्रत पर्व मनाया गया। ऐसी मान्यताए हैं कि देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार महीने के योग निंद्रा में रहते हैं। चातुर्मास शुरू हो जाता है। इस दौरान मांगलिक व शुभ कार्यों में विराम रहता है। चार माह तक मांगलिक एवं शुभ कार्यों के आयोजन नहीं होंगे।

**देवउठनी से शुरू होंगे मांगलिक आयोजन:** 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर्व है। इसके साथ ही मांगलिक आयोजनों एवं शुभ कार्यक्रमों का सिलसिला बना रहेगा। मान्यताओं के अनुसार देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु-मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से भक्तों को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है।



## खबर संक्षेप



### प्रधानाचार्यों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**एलबी नगर।** अखिल भारती विद्या भारती सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छग की योजना अनुसार जिला ग्राम भारती राजनांदगाव के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य, प्रधानाचार्यों की तीन दिवसीय बैठक स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित की गई। बैठक के उद्घाटन सत्र में सहदेवराम साहू, बुंदा वर्मा, पूनमचंद साहू, धनीराम यादव, डामन जोशी, नूतन यादव, भूषण गजेंद्र, ढालचंद यादव, रोहित निर्मलकर, देवेंद्र नंदेश्वर शामिल हुए। अतिथियों ने मां सरस्वती, ओम और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। प्रथम सत्र में सहदेव राम साहू ने प्रांत की योजना को विस्तार से बताया गया।

### प्रदर्शन कर कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**घुमका।** ब्लाक कांग्रेस ने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। कांग्रेस ने यह आयोजन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रियंका गांधी की गिरफ्तारी के विरोध , पेपर लीक के मामले को लेकर किया था। शुक्रवार को कांग्रेस ने विधायक बघेल के नेतृत्व में बस स्टैंड में धरना दिया। इससे पहले गांधी चौक में एकत्रित कांग्रेसियों ने नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड और साप्ताहिक बाजार तक रैली निकाली। बाजार में रैली रोक कर सभा ली गई। इसके बाद बस स्टैंड में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुलिस ने पुतला दहन रोकने का प्रयास किया। झूमा झटकी के बीच कांग्रेसी पुतला दहन करने में सफल हुए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा, चंद्रेश वर्मा, रतन यादव, पुसउ वर्मा, ख़ेमचंद वर्मा, पीयूष दुबे, रामचंद्र वर्मा, टीकम यदु आदि मौजूद थे।

### मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर नियुक्ति रद्द

# हटाए गए दो शिक्षक व लिपिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

## आत्मानंद स्कूल की शिक्षा व्यवस्था चरमराई

शिक्षकों की कमी से जूझ रहे पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है। हर साल जहां परीक्षाफल में गिरावट आ रही है वहीं स्टाफ की गुटबाजी और अंर्तकलह समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में यहां के एक प्रधानपाठक और एक व्याख्याता को सेवा से हटा दिया गया है।

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में 30 शिक्षक एवं अन्य स्टाफ था जिनकी संख्या घटकर 26 रह गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य से मिले वार्षिक कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर पीएमश्री मिडिल स्कूल की प्रधानपाठक आकांक्षा सिंह, व्याख्याता वर्षा प्रधान को सेवा वृद्धि न देते हुए पद से हटा दिया है। इसके अलावा दो लिपिक सुभाष देशमुख व प्रियंका देवांगन को भी पदच्युत कर दिया है। पहले से ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे पीएम श्री शाला में वर्तमान कार्रवाई के बाद संकट और गहरा गया है।



### प्राइमरी में शिक्षकों का अभाव

जानकारी के अनुसार प्राइमरी वर्ग में विज्ञान के दो सहायक शिक्षक एवं कला संकाय के एक शिक्षक का पद रिक्त है। यहां शिक्षकों की पदस्थापना कब होगी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पालक एवं बच्चे पदस्थापना के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के चक्कर काट रहे है लेकिन बात आश्वासश्से आगे बढ नहीं पा रही है। बताया जाता है कि दोनो विषय के शिक्षको के पद पिछले साल से खाली है।

### अटैच शिक्षक की वापसी नहीं

कन्या शाला में पदस्थ व्याख्याता मक्के आश्रम शाला में अधीक्षक के पद पर पर संलग्न है। इस शाला की यह व्याख्याता को अटैच कर रखा गया है जिससे संबंधित विषय का परिणाम खराब आ रहा है जिसके बाद अटैच शिक्षक को वापस नहीं लाया जा रहा है।

### मिडिल स्कूल में भी संकट

पूर्व माध्यमिक शाला में भी शिक्षकों का अभाव बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मिडिल में गणित, अंग्रेजी व विज्ञान विषय के शिक्षक का पद खाली है। मिडिल में पिछले साल भी यह पद रिक्त थे। जानकारी के अनुसार शाला में बच्चों के खेल कौशल को निखारने के लिए क्रीडा अनुदेश नियुक्त है किन्तु शिक्षकों की कमी को देखते हुए उन्हे पढाने की जिम्मेदारी दे दी गई हैम्यहां अब खेल गतिविधियां शुन्य हो गई है। पीटीआई के अलावा कंप्युटर शिक्षक को भी पढाने की जवाबदेही दी गई है।

# लालच में सैकड़ों लोगों के डूब गए लाखों रुपए

### अब वापसी के लिए भटक रहे लोग

**डोंगरगढ़।** पैसा दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रूपए जमा कराने वाले बुधवारी के एक एजेंट के घर में लोग रकम वापसी के लिए जमा हुए। एजेंट के फरार होने की खबर के बाद लोग थाना भी पहुंचे जहां जमकर बवाल भी हुआ। उल्लेखनीय है कि माह मार्च- अप्रैल में हरिभूमि ने रकम दोगुना करने को लेकर चल रहे खेल की विस्तार से खबर प्रकाशित किया था। जानकारी के अनुसार स्थानीय थाने में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के 100 लोगों ने बुधवारी के एक एजेंट पर रूपये जमा कराने के बाद वापस नहीं करने की शिकायत की है। हालांकि थाना प्रभारी भूषण चंद्राकर ने लिखित शिकायत नही होने की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 70 लोगों ने पैसा जमा किया था जिसमे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गोवा सहित अन्य राज्यों के लोग शामिल है। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि वह एजेंट के निवास पर गए थे किन्तु वह नहीं मिला।

### छह माह से लाभ मिलना बंद

जानकारी के अनुसार 100 से अधिक लोगों ने 10 प्रतिशत प्रतिमाह लाभ मिलने के लालच में इंवेस्ट किया था। पिछले 6 माह से लोगों राशि नहीं मिल रही है जिसके बाद लोगों ने राशि वापसी के लिए एजेंट पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। पता चला है कि करीब 3 करोड़ रूपए कथित कंपनी में फंसने की जानकारी सामने आने के बाद लोगों ने इससे दूरी बना लिया है।

### एजेंट का बढ़ा आर्थिक रसूख

पता चला है कि 5 साल पहले तक जो एजेंट सामान्य जीवन गुजार रहा था वह वर्तमान में सुविधाजनक मकान में निवास करने के अलावा लग्जरी गाडी में चलता है। पार्टी में दिल खोलकर खर्च करने के बाद लोगों की नजर में आया था।बताया कि एजेंट ने छग के अलावा अन्य प्रदेशों में प्रॉपर्टी, होटल आदि में निवेश किया है।

# विधायक के सवालों पर हास्पिटल प्रबंधन निरुत्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- बैठक में पेश नहीं कर पाए आय-व्यय का लेखा

डेढ़ साल बाद हुई जीवन दीप समिति की बैठक में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विभागीय खामियां और लापरवाही को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने बिना प्रस्ताव के खरीदी, डेढ़ साल के आय व्यय की जानकारी नहीं देने पर नराजगी जाहिर करते हुए सभी प्रस्तुत प्रस्ताव को खारिज कर दिया। तीन सदस्यो के साथ बैठक में पहुंची विधायक ने भाजपा पदाधिकारीयों की उपस्थिति में हास्पिटल प्रबंधन की खामियों को तीखे तेवर दिखाते हुए घेरा तो वही भाजपा के जनप्रतिनिधि घंटो चली बैठक में मौन बैठे रहे। विधायक बघेल ने प्रबंधन पर बिना प्रस्ताव के राशि व्यय करने और खर्च राशि का संसाधरण नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होने आगामी बैठक में पूरी जानकारी प्रस्तुत करने कहा।



### अगली बैठक तीन को

विधायक ने आगामी 3 अगस्त को होने वाली बैठक में डेढ़ साल का पूरा हिसाब प्रस्तुत करने कहा है। बैठक में विधायक बघेल के अलावा एसडीएम विश्वास कुमार, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, संध्या देशपांडे, विजय राज चौहान, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, कालू अरोरा, सीएमओ राजेश तिवारी सहित अन्य शामिल हुए।

### बीएमओ की खिंचाई

बैठक में विधायक ने अस्पातल की लचर व्यवस्था को लेकर भी बीएमओ को आडे हाथ लिया। बैठक के दौरान भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि तीखे सवालों का जवाब देने में समक्ष नजर नहीं आए। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि बिना प्रस्ताव के भाजपा नेताओं के मौखिक आदेश पर खरीदी करने की बात कही जिस पर भाजपा नेता कुछ प्रतिउत्तर नहीं दे पाए।

# वाहन की ठोकर से एक गौवंश की मौत

- गुरुवार को सड़क अतरिया में भी हुई थी घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गुरूवार को सड़क अतरिया में अज्ञात वाहन की ठोकर से तीन गौवंश की मौत के बाद शुक्रवार रात को नर्मदा चकनार में अज्ञात वाहन की ठोकर से एक गौवंश की मौत हो गई। लगातार सड़क दुर्घटना में पशुओं की मौत के बाद पशु पालक अपने पशु को घर ले जाने में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। सड़कों पर बेवारस मवेशियों की संख्या बढ़ते जा रही है। राजनांदगांव- कवर्धा मार्ग के पास मवेशियों का झुंड रहता है और वह वाहन की चपेट में आ जाते हैं।



### चारागाह की कमी

बीते कुछ वर्षों से गांवों में चारागाह की कमी होते जा रही है। चारवाहों को पशु चराने वनांचल की ओर जाना पड़ता है। कुछ गांव के चरवाहे पशुओं को चराने में कोताही कर रहे जिसके कारण मवेशी सड़कों पर डेरा डाले रहते हैं। चारवाहों द्वारा गांव के इस पास चारागाह की मांग किया जा रहा है परन्तु अतिक्रमण एवं निर्माण कार्य के चलते चारागाह की कमी लगभग सभी गांव में है।

## मन की बात के सामूहिक श्रवण की तैयारियां तेज

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कल 26 जुलाई को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का जिलेभर में सामूहिक श्रवण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर के नेतृत्व में संगठनात्मक तैयारियां तेज करते जिला पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री के समन्वय से बूथ स्तर पर किसी कार्यकर्ता के निवास पर एकत्र होकर कार्यक्रम सुनने का आग्रह किया है। कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को अपनी उपस्थिति का फोटो सरल ऐप पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा। जिलाध्यक्ष ने निर्देशित किया है कि फोटो अपलोड करते समय बूथ नंबर दर्ज करना आवश्यक होगा, क्योंकि बूथ नंबर अंकित नहीं होने पर एंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

# रैली निकालकर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दिल्ली में चल रहे आंदोलन को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में कांग्रेस ने हाईस्कूल मैदान से रैली निकाल कर जमकर हल्ला बोला। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गोल बजार पहुंची। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे गोल बजार को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया था। गोल बजार में कांग्रेस पदाधिकारियों ने पेपर लीक को लेकर चल आंदोलन को दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की इस नाकामी से छात्रों का मनोबल टूटा है।



### पुलिस चाक चौबंध व्यवस्था के बाद भी नहीं रोक पाई पुतला दहन

पुलिस की चाक चौब्द व्यवस्था के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे। इस मौके पर संध्या देशपांडे, विष्णु लोधी, विजयराज चौहान, संदीपसिंग गहरवार, भावेशसिंह, बसीर भाई, इंदरपाल सिंग भाटिया, कृष्णा गुप्ता, दिनेष साखरे, रवि बाघमारे, सन्नी भाटिया, राहुल यादव, किशोर अंबादे, मुकेश सहारे, मनोज साहू, मनोहर कंडरा, कृष्णा लिल्हारे, कैलाश मेश्राम, सुदेश मेश्राम, ओमप्रकाश महानदी, गजेंद्र साहू, किरण मेश्राम, नलिनी मेश्राम, रेखा खोब्रागडे, पंकज सोनी, सचिन सोनकर, मौसिन खान, रौनिक श्रीवास्तव, प्रियांषु महोबिया, अजय मंडावी, गाजी बडोले, डिंपल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# डोड़की में ग्रामीणों ने रोपे 1200 पौधे ग्रामीणों ने लिया संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम डोड़की में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, वन विभाग के अधिकारियों एवं ग्रामवासियों ने लगभग दो एकड़ भूमि पर 1200 पौधों का रोपण किया।

महापौर मधुसूदन यादव ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। अध्यक्षता कर रही जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने कहा जनसहभागिता आधारित अभियान समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर हीराराम वर्मा, अनिल सिन्हा, जैन कुमार मेश्राम, रवि यादव, दिनेश वैष्णव, अमर साहू, सावन वर्मा, मानिक वर्मा, जीवन वर्मा, कृष्ण मुरारी, तेजराम वर्मा, ईश्वर वर्मा, वन विभाग की एसडीओ पूर्णिमा राजपूत, रेंजर श्री उइके, दिलीप वर्मा, डिगेश वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



## इस्तीफा से छात्रों के संघर्ष की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को छात्रों, युवाओं और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के लंबे संघर्ष की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि गूंज अभियान के माध्यम से श्री गांधी ने छात्रों के बीच जाकर उनकी मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाकर छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

श्री लोधी ने कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा इस बात का प्रमाण है कि जनता की आवाज को अनदेखा नहीं किया जा सकता। इस जीत का सबसे बड़ा श्रेय संघर्षरत छात्रों को जाता है।

### पूरी हुई ग्रामीणों की सालों पुरानी मांग

# बांधाबाजार को मिली नाम की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

लंबे इंतजार के बाद अंततः ग्राम का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो गया। अंचल के लोग ग्राम को बांधा बाजार के नाम से जानते पहचानते थे किन्तु राजस्व रिकार्ड में इस नाम का कोई गांव नहीं था। ग्रामीण काफी समय से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने की मांग करते आ रहे थे जिसे अब सफलता मिली है।

राजनांदगांव-अंबागढ़ चौकी मार्ग पर स्थित इस ग्राम की पहचान बांधाबाजार के रूप में थी किन्तु अंचल का यह व्यवासायिक ग्राम राजस्व रिकार्ड में ढाढूटोला के नाम से दर्ज था। गांव का नाम राजस्व रिकार्ड में नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी और वह विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे थे। दिक्कतों को देखते हुए राजस्व रिकार्ड में ग्राम का नाम दर्ज कराने प्रयास रत थे जिसे भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा के प्रयास से अब जाकर सफलता मिली है।



### भाजपा अध्यक्ष का प्रयास

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए ग्रामीणों ने श्री वर्मा सहित शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि ग्राम के व्यापारी, किसान एवं आम जनता की वर्षों यह मांग करते आ रहे थे। राजस्व रिकॉर्ड, नक्शा में गांव का नाम दर्ज होने से सभी को फायदा होगा। जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अरुण यादव, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप मेश्राम, किशोर मेश्राम, द्वारका खंडेलवाल, दिनेश्वर साहू, मुरारी खंडेलवाल, विनीत शर्मा, हरीश शर्मा, सुनीता विश्वकर्मा, उमाकांत वाजपेई, कमलेश बाजपेई, संतोष शुक्ला, चैनसिंह नेताम, शब्बीर खान, संतोष चौधरी आदि ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया है।



## निर्माण कार्य के प्रगति का तकनीकी मूल्यांकन

# आवास निर्माण में तेजी लाने कलेक्टर ने तकनीकी सहायकों से मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना व ग्रामीण विकास कार्यों की कलेक्टर ने समीक्षा बैठक लेकर निर्माण कार्यों की प्रगति का तकनीकी मूल्यांकन किया।

बैठक में उन्होंने पिछले एक सप्ताह के लिए निर्धारित लक्ष्य अनुरूप प्रत्येक तकनीकी सहायक से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और लक्ष्य के मुकाबले हुए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान सभी तकनीकी सहायकों ने अपने-अपने क्षेत्र में आवास निर्माण की प्रगति से अवगत कराया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी सप्ताह में आवास निर्माण कार्यों में और अधिक गति लाई जाए व अधिक से अधिक आवासों को पूरा कर हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए गुणवत्ता एवं समय-सीमा दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में कलेक्टर ने बीबीजी रामजी अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ कराने का निर्देश देते हुए अधिकारियों से कहा कि सभी स्वीकृत कार्यों के लिए दो दिवस के भीतर शत-प्रतिशत मस्टर रोल जारी किया जाए ताकि ग्रामीणों को समय पर रोजगार उपलब्ध हो और विकास कार्यों में तेजी आए।



### शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्त

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने सभी तकनीकी सहायको व मैदानी अमले को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए लंबित आवासों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने और ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग, हितग्राहियों से सतत संपर्क, निर्माण सामग्री सहित श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि आवास निर्माण और रोजगार सृजन दोनों कार्यों में अपेक्षित प्रगति हासिल की जा सके। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने कहा। आवास निर्माण, रोजगार सृजन व ग्रामीण विकास से जुड़े सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिले इस पर फोकस करने कहा।

# सूर्य सभा का आयोजन, पीएम सूर्य घर की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नपा सभागार में कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनजागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीएसपीडीसीएल संभाग के कार्यपालन अभियंता एके दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, शासकीय अनुदान सब्सिडी, बैंक ऋण सुविधा, रूफटॉप सोलर संयंत्र की स्थापना प्रक्रिया, योजना से होने वाले आर्थिक व पर्यावरणीय लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई साथ ही अधिक से अधिक पात्र नागरिकों से इस योजना का लाभ लेने का आग्रह किया गया।

### पार्षद ने बताया अनुभव

वार्ड 11 पार्षद रूपेंद्र रजक ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि पीएम सूर्यघर योजना अंतर्गत अपने आवास पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने से पूर्व उनका बिजली बिल लगभग एक हजार प्रतिमाह आता था, संयंत्र स्थापित होने के बाद बीते तीन महीने से बिजली बिल शून्य आ रहा है। इससे उन्हें प्रतिमाह उल्लेखनीय आर्थिक बचत हो रही है। रूपेंद्र रजक ने बताया कि योजना अंतर्गत बैंक से ऋण प्राप्त करने में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा और पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी व सुविधाजनक रही। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से योजना का लाभ लेकर अपने परिवार को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने और बिजली खर्च में स्थायी बचत सुनिश्चित करने की अपील की। विभागीय अधिकारियो ने योजना से जुड़ी नागरिकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और योजना से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिया। विभाग पात्र उपभोक्ताओ को योजना से जुड़कर लाभ लेने और स्वच्छ व हरित ऊर्जा के प्रसार में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान सीएमओ पुनीत वर्मा, एई उत्तम साहू सहित सूर्यघर योजना के अधिकृत वेंडर्स व पार्षद बड़ी संख्या मे मौजूद थे।

विभागीय अधिकारियो ने बताया कि खैरागढ़ संभाग के अंतर्गत अब तक 270 हितग्राहियों द्वारा पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किया जा चुका है जबकि पूरे जिले में 670 हितग्राही इस योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। उन्होने नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना से जुडक़र अपने विद्युत व्यय में बचत कर स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में सहभागी बनें।

## कारगिल विजय समारोह आज

डोंगरगढ़। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला राजनांदगांव इकाई ने 27 वें कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन 26 जुलाई को किया है। आयोजकों ने नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर वीर सैनिकों के बलिदान को नमन करने की अपील की है। समारोह के दौरान देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव शामिल होंगे। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे करेंगे। समारोह में एसडीएम विश्वास कुमार, थाना प्रभारी भूपेश चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक केशरी नंदन नायक, मंडल अध्यक्ष जगमोहन बंजारे, राकेश अग्रवाल, नवाज खान, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नेहरू कालेज के प्राचार्य प्रदीप जाम्बुलकर, बृजमोहनलाल नंदेश्वर आदि उपस्थित रहेंगे।

# विक्रमपुर की छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और सुचारू अध्ययन अध्यापन को लेकर शाला आने जाने में सुविधा उपलब्ध कराने शासन की सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत ब्लॉक के विक्रमपुर हाई स्कूल की 48 छात्राओं को निशुल्क साइकिल दिया गया।

जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, पूर्व जिपं सभापति व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू की अध्यक्षता और जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी, गोरेलाल वर्मा, सरपंच दिनेश वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में शाला मे कक्षा नवमी मे अध्ययनरत 48 बालिकाओं को अतिथियो ने साइकिल दिया और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने व जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की इस योजना का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं के लिए विद्यालय तक आवागमन को सुगम बनाने के साथ साथ बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

### लाईब्रेरी के लिए राशि की घोषणा

शाला स्टाफ की मांग पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी ने परिसर मे साइकिल स्टैंड के लिए पांच लाख और स्मार्ट लाइब्रेरी के लिए पचास हजार रूपए देने की घोषणा की। प्राचार्य ने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजना से छात्राओं का उत्साह बढ़ेगा, विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी और शिक्षा को लेकर उनका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत होगा। छात्राओं ने भी साइकिल प्राकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन व शाला परिवार को धन्यवाद दिया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष छगन जंघेल, घनश्याम वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाए व अभिभावक उपस्थित थे।

# गौ आधारित खेती पर कृषि विवि में कार्यशाला

- राजधानी के एग्रीकल्चर कालेज में परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी के एग्रीकल्चर कालेज के विवेकानंद सभागार आयोजित प्रशिक्षण व परिचर्चा मे मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन शामिल हुए।

गौ आधारित जैविक कृषि प्रशिक्षण व प्रेम की खेती विषय पर आयोजित परिचर्चा के मुख्य अतिथि राज्य कृषक कल्याण परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी और मुख्य वक्ता कृषि वैज्ञानिक जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य अजीत केलकर थे। मुख्य वक्ता अजीत केलकर ने गौ आधारित प्राकृतिक खेती, जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, वर्मी कंपोस्ट, पंचगव्य, गोमूत्र अर्क, गोपालन और जैव विविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वयं का बीज, स्वयं की खाद, स्वयं की दवाई, स्वयं का अनाज और स्वयं का बाजार का संकल्प ही भारतीय कृषि और किसानों को आत्मनिर्भर बना सकता है। कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि जैविक और सतत कृषि पद्धतियों से भूमि की उर्वरता बढ़ती है और लागत में कमी आती है। उन्होने खैरागढ़ क्षेत्र में मनोहर गौशाला द्वारा गौ-आधारित कृषि व अनुसंधान के कार्यों की सराहना करते हुए इसे प्रदेशभर में प्रोत्साहित करने कहा।

### गौ सेवा आयोग कार्यालय में हुई बैठक

राज्य गौ सेवा आयोग कार्यालय में गौ माता के संरक्षण संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित विशेष बैठक विशेष आमंत्रित मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने अपनी रचित पुस्तक गाय एक अनुसंधान गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल को भेंट कर पुस्तक की बारीकियों व शोध से अवगत कराया। बैठक दौरान राज्य में गौ-वंश के बेहतर स्वास्थ्य, संरक्षण और गौशालाओं के सुचारू संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. अखिल जैन ने बताया कि यह अनुसंधान पुस्तक प्रदेश में गौ सेवा और गौ संवर्धन के कार्यों को वैज्ञानिक व व्यावहारिक रूप से आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगी। इस अवसर पर वरिष्ठ गौसेवक सुरेश शर्मा, गौ सेवा आयोग पंजीयक डॉ. समीर शर्मा, अतिरिक्त उप संचालक डॉ. सुषमा मिश्रा, नरोत्तम सिन्हा, आत्मबोध अग्रवाल, मनमथ शर्मा मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित सभी ने गौ-हित में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की सराहना कर राज्य में गौ-संवर्धन की दिशा में मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

### कृषक प्रतिनिधि रहे मौजूद

इस दौरान मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने अतिथियों, कृषि विवि के वैज्ञानिकों और प्रशासनिक अधिकारियों को गाय एक अनुसंधान पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. विवेक त्रिपाठी, सह-अनुसंधान निदेशक डॉ. धनंजय शर्मा, जैविक कृषि विशेषज्ञ डॉ. सुनील अग्रवाल, कृषि वैज्ञानिक मनमंथ शर्मा सहित विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और कृषक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# नशे के खिलाफ एकजुटता ही विकसित भारत का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विवि के ऑडिटोरियम में विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा विषय पर आधारित जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित हुई।

युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने और कलात्मक माध्यमों के जरिए एक सशक्त, नशामुक्त व समृद्ध भारत के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित स्पर्धा मे मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि युवा शक्ति ही किसी भी राष्ट्र का वास्तविक आधार स्तंभ होती है। जब तक हमारी युवा पीढ़ी नशे जैसी बुराई से दूर नहीं होगी, तब तक एक समृद्ध और स्वावलंबी विकसित भारत का सपना साकार नहीं हो सकता। कला, साहित्य और संवाद के माध्यम से जन जागरूकता फैलाना बेहद प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने युवाओं को नशामुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने कहा कि ऐसे सकारात्मक आयोजनों से युवाओं में राष्ट्र निर्माण की भावना प्रबल होती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं सभापति दिनेश वर्मा, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी मंचस्थ रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों के

### विभिन्न विधाओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले भर से आए युवा शामिल हुए जिन्होने नृत्य, संगीत, चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, नारा लेखन, रील मेकिंग और स्लैम कविता प्रतियोगिता जैसी विविध स्पर्धा मे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नुक्कड़ नाटक, पोस्टरों और स्लैम कविता के माध्यम से नशे के सामाजिक व शारीरिक दुष्प्रभावों को उजागर किया। इस दौरान अतिथियों ने परिसर में लगाए गए नशा मुक्ति जागरूकता स्टालों का निरीक्षण किया और वहां प्रदर्शित सामग्रियों व मॉडल की सराहना की। इस अवसर पर गोरेलाल वर्मा, लखनलाल साहू सहित विवि स्टाफ व जनप्रतिनिधियों सहित अन्य मौजूद थे।

# बच्चियों को मिला करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मबाविवि द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत विश्व जनसंख्या व युवा कौशल दिवस पर मरकाम टोला हाईस्कूल मरकाम टोला में किशोरी बालिकाओं को शिक्षा, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता व सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने कैरियर गाइडेंस, काउंसलिंग व आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार व जिला कार्यक्रम अधिकारी पीआर खुटेल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम मे छात्राओं को उनकी रुचि, क्षमता व प्रतिभा के अनुरूप कैरियर चयन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न शैक्षणिक, रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराते हुए भविष्य की योजनाओं के प्रति प्रेरित किया गया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रदर्शन करते हुए बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के लिए आवश्यक तकनीकों और सावधानियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने आत्मविश्वास, साहस और आत्मनिर्भरता के महत्व पर



प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने व किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनने का संदेश दिया।

### हेल्प लाइन सेवाओं की दी जानकारी

मबाविवि की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 व यातायात हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण निशुल्क सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा संकटग्रस्त महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली चिकित्सा सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, कानूनी सहायता, अस्थायी आश्रय एवं पुलिस सहायता जैसी सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। वही किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक वृंदा हनवत, जिला बाल संरक्षण इकाई काउंसलर पूर्णिमा कचलामे, भारती चौबे व सखी वन स्टॉप सेंटर की पूर्णिमा जोशी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 43 हितग्राहियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र वितरित

# हर गरीब को पक्का मकान देना सरकार की प्राथमिकता : विक्रांत



### मिलेगी प्रोत्साहन राशि

सीएमओ पुनीत वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत चयनित शहरी 43 हितग्राही अब अपने आवास निर्माण का कार्य तत्काल प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक हितग्राही को कुल 2.50 लाख रुपये की राशि किस्तों में दी जाएगी। इसके साथ ही निर्धारित समय सीमा में आवास निर्माण पूरा करने पर 32 हजार 850 रुपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरजा चन्द्राकर, दिनेश वर्मा, विनय देवांगन,चंद्रशेखर यादव, सुमित टांडिया, नंद चंद्राकर, गोरेलाल वर्मा, देविन बाई कोठले, रूपेंद्र रजक, पुष्पा सिंदूर, मोनिका रजक, शैलेन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना तहत जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने 43 हितग्राहियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र वितरित किया। हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पीएम आवास योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

इस योजना के माध्यम से सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है ताकि उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय प्रशासन मंत्री अरुण साव व सांसद संतोष पांडेय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से यह योजना प्रभावी रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में संचालित हो रही है ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि वे समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण सुनिश्चित कर योजना का पूरा लाभ ले सके।

# सोलर एंटरप्रेन्योरशिप का प्रशिक्षण



खैरागढ़। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना व क्षमता निर्माण अंतर्गत पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित सौर ऊर्जा उद्यमिता व कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिपं पूर्व सभापति व सामाजिक कार्यकर्ता विप्लव साहू शामिल हुए। केंद्रीय कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आयोजित शिविर में विप्लव साहू ने प्रतिभागियों को सौर ऊर्जा के महत्व, सामाजिक बदलाव में हरित ऊर्जा की भूमिका व स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। विशेष प्रशिक्षण शिविर में बिहान स्व-सहायता समूह की दीदियों, पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों सहित बेरोजगार युवक-युवतियों सहित 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### सौर ऊर्जा के क्षेत्र में स्वरोजगार पर जोर

ग्रामीण क्षेत्रों में बिहान कैडर को आगे बढ़ाने, युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नए उद्यमियों को तैयार करने के मकसद से आयोजित शिविर मे प्रतिभागियों को सोलर पैनल की स्थापना, रखरखाव, एंटरप्राइज डेवलपमेंट व वेंडर प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस मूल्यांकन परीक्षा बाद सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नीलू साहू, चांदनी साहू, राहुल डांगले, जीतू राजपूत, दीनानाथ लिल्हारे, लीला साहू सहित अन्य मौजूद थे। प्रशिक्षण आयोजन के लिए सभी ट्रेनर्स का आभार व्यक्त कर प्रतिभागियो ने आने वाले समय मे भी इस प्रकार का तकनीकी व व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित करने का अनुरोध किया।



## सार समाचार

### कंप्रेशर मोटर की चोरी, मामला दर्ज



**राजनांदगांव।** कंपनी में लगे कंप्रेशर मोटर सहित अन्य सामानों की चोरी के मामले में जांच करते पुलिस ने आरोपी एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 14 जुलाई को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज करया कि फेयर प्लेक्स प्राईवेट लिमिटेड युनिट-2 ग्राम फरहद कंपनी में लगे कंप्रेशर मोटर 5-एचपी, गेयर बाक्स मोटर-3 एचपी, व्राईबेड मोटर 1-एचपी 2 नग को 14 जुलाई की रात्रि करीबन 01 से सुबह 04 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 305, 331(2) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। इस मामले में पुलस ने घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी का अवलोकन व तकनीकी साक्ष्य तथा मुखबीर सूचना पर से संदेही गजेन्द्र कुमार मरकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जिस पर घटना दिनांक समय को अपने 2 नाबालिग दोस्तों के साथ मिलकर ग्राम फेयर फैक्स कंपनी फरहद में मोटर की चोरी करना बताया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी किए स्टेटर वाईंडिग लगा हुआ एवं नाबालिग से चोरी किए गए 1 नग कम्प्रेशर मोटर 5-एचपी का एवं 1 नग गेयर बाक्स 3-एचपी को जब्त किया गया है। विधि से संघर्षरत बालको का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाए जाने से सामाजिक विधिवत कार्रवाई कर माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया तथा आरोपी गजेन्द्र कुमार मरकाम 18 वर्ष निवासी दंतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### अवैध रूप से शराब ले जाते पकड़े गए

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने दो लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 जुलाई को पुलिस थाना लालबाग को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रेवाडीह के बायपास रोड स्थित फटाखा दुकान के पास दो व्यक्ति एक बाइक में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में लेकर जा रहे हैं। उक्त सूचना पुलिस मौके पर पहुंचकर दबिश दी। मौके पर दोनों एक हीरो होंडा पैशन प्लस बाइक में एक काले रंग के बैग लिए मिले। जिनसे पूछताछ करने पर एक व्यक्ति अपना नाम श्याम सूर्यवंशी 32 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री एवं दूसरा नाबालिग विधि के प्रति संघर्षरत बालक बताया। बैग की तलाशी लेने पर बैग में 32 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2560 रुपए मिला तथा घटना में प्रयुक्त बाइक को विधिवत जब्त की गई एवं उनका कृत्य आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

### आज कल्पवृक्ष सोसाइटी में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव।** महावीर कल्पवृक्ष सोसाइटी में कल 26 जुलाई को सुबह 11.30 बजे वृक्षारोपण का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद अमित कुशवाहा एवं महावीर ग्रुप प्रमुख विनोद बोहरा शामिल रहेंगे। सोसाइटी अध्यक्ष अशोक पारख ने बताया कि प्रभारी सुभाष अग्रवाल, प्रकाश बाफना एवं टीम पन्नालाल जैन, दयाशंकर जायसवाल, राजेंद्र लड्ढा, मयंक अग्रवाल, प्रदीप कोटडिया, शरद राठी, आकाश चोपड़ा, दिनेश चौरड़िया द्वारा तैयारियां की जा रही है। फल, फूल, आयुर्वेदिक महत्व एवं खुशबूदार पौधों का रोपण किया जाएगा। लगभग 300 पौधे लगाने का लक्ष्य है। विज्ञप्ति जारी कर सोसाइटी के सचिव अनिल पारख ने यह जानकारी दी।


### शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में घुमका तहसील अंतर्गत ग्राम पटेवा में राजस्व विभाग की टीम ने शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। ग्राम पटेवा निवासी ऐमन कुमार ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत कर शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण अपने खेत तक आवागमन एवं कृषि कार्य में हो रही परेशानी से अवगत कराया था। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार अतिक्रमण हटाने तथा आवेदक की समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौतम कुमार पाटिल के नेतृत्व में तहसीलदार मुकेश ठाकुर, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकर्ता जगदीश साहू द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

### 27 को महावीर चौक से निकाली जाएगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत 27 जुलाई को शहर के महावीर चौक में सुबह 8 बजे विजय मंत्र जाप एवं गौमाता की पूजा-अर्चना की जाएगी। तत्पश्चात सुबह 11 बजे मातृशक्ति सिर पर पवित्र कलश धारण कर तथा बैलगाड़ी में हस्ताक्षर शीट के साथ भव्य गौ सम्मान शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर भगतसिंह चौक, आजाद चौक एवं सिनेमा लाइन सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते जिला कार्यालय पहुंचेगी, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम अभियान अंतर्गत एकत्रित लगभग 3 लाख हस्ताक्षरों के साथ गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा प्रदान करने तथा केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### आवारा कुत्तों और पशुओं पर कार्रवाई करें सरकार



**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी की महामंत्री एवं अधिवक्ता कुसुम दुबे ने शहर में आवारा कुत्तों की बाढ़ एवं गौमाताओं के सड़कों पर बैठे रहने पर हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते जीव-जंतु कल्याण बोर्ड छग शासन के क्रियाशील उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर को पत्र लिखकर सम्यक कार्रवाई की मांग की है। महामंत्री कुसुम दुबे ने बताया कि शहर के सभी क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की जिस प्रकार से बाढ़ आ गई है, उसे आए दिन कुत्ता काटने की घटना एवं कुत्तों के हमले की बातें लगातार सामने आ रही है और तो और शहर के सीमा अंतर्गत वार्डों में रात में सैकड़ों कुत्ते की भयावह झुंड को देखकर आम जनता भयभीत जीवन जीने को विवश है। ऐसी स्थिति में प्रशासन को आवारा कुत्तों के धरपकड़ की मुहिम में तेजी

## निधन

### अन्नपूर्णा गजभिये



**राजनांदगांव।** गौरीनगर निवासी श्रीमती अन्नपूर्णा गजभिये पति राकेश गजभिये उम्र लगभग 51 वर्ष का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति, पुत्री व पुत्र सहित भरपूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा गजभिये की अंतिम यात्रा उनके गौरी नगर स्थित निज निवास से कल 26 जुलाई को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनके निधन से परिवार व क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई।

### भगवा कंडरा



**राजनांदगांव।** कंडरापारा वार्ड नं. 22 निवासी भगवा कंडरा 54 साल रघु कंडरा का छोटा भाई एवं भाजपा युवा नेता नागेश कंडरा का चाचा। जिसका आकस्मिक निधन 25 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार चौथाना मुक्तिधाम में सुबह 10 बजे कल 26 जुलाई को किया जाएगा।

# सेवा सेतु में ऑनलाइन मिल रही 570 से भी अधिक सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव की उपस्थिति में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आधार, सेवा सेतु, सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी) संचालकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के आधार, सेवा सेतु, सीएससी संचालकों के कार्यों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि जनमानस के जीवन को आसान बनाने के लिए कार्य कर रही है। जिसमें हमारी भागीदारी होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने कहा।

उन्होंने कहा कि सभी आधार, सेवा सेतु, सामान्य सेवा केन्द्र संचालक समाज एवं देश के विकास के लिए कार्य करें। इसके अंतर्गत आय, जाति, निवास, विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, राजस्व सहित 570 से अधिक सेवाएं एक ही ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराई गई है।

## शासन द्वारा व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए सेवा सेतु की पहल महत्वपूर्ण

### सेवा के लिए करेंगे कार्य

कलेक्टर ने सीएससी सेंटर के सुचारू संचालन के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को आधार सेवा पोर्टल के तहत लंबित प्रकरणों तथा निरस्त प्रकरणों की समीक्षा करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि जिस तरह सेतु से आवागमन मजबूत बनता है, उसी तरह जनमानस की सेवा के लिए सभी समन्वित एवं प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करेंगे एवं सेवा सेतु कार्यों में गति लाएं। एसडीएम एवं तहसीलदार सेवा सेतु के कार्यों की समीक्षा करें एवं इस कार्य को बेहतर बनाएं।



**सेवाओं का दायरा बढ़ा :** जिला ई-डिस्ट्रिक प्रबंधक सौरभ मिश्रा ने बताया कि पहले तीन सेवाएं-राजस्व, नगरीय, पंचायत क्षेत्र में सेवाएं दी जा रही थी। जिसका दायरा बढ़ाकर विभिन्न विभागों को शामिल करते हुए 570 सेवाएं दी जा रही है। नागरिकों को सेवाएं सरलतापूर्वक आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

### दस्तावेज करें अपलोड

कार्यशाला में स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर आधार प्रभात सिंह ने कहा कि सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी निष्ठापूर्वक कार्य करें। दस्तावेजों का आंकलन एवं सत्यापन कर अपलोड करें। कार्यशाला को यूआईडीएआई हैदराबाद खुर्शीद आलम, आधार राज्य मैनेजर प्रभात सिंह, सीएससी राज्य प्रमुख जयनारायण पटेल, नीरज हरदेव, राजपत्र कार्यालय के पवन आईन्ड, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय एवं अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने भी संबोधित किया।

## मेयर और आयुक्त ने किया निरीक्षण

# गंज चौक शॉपिंग काम्प्लेक्स का होगा जीर्णोद्धार: महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम की आय में वृद्धि के लिए महापौर मधुसूदन यादव द्वारा निगम सीमाक्षेत्र में निर्मित पुरानी व्यवसायिक परिसरों का जीर्णोद्वार करने बीड़ा उठाया है। इसी कड़ी में उन्होंने निगम स्वामित्व की टाउन हॉल कार्यालय के पास जीई रोड की दुकानों एवं कस्तूरबा महिला मंडल की ओर की दुकानों का मरम्मत करने दुकानदारों के साथ बैठक कर विभागीय प्रक्रिया करने के निर्देश दिए थे।

वहीं गंज चौक के पास निर्मित जीर्ण-शीर्ण व्यवसायिक परिसर का जीर्णोद्धार करने गत सप्ताह उनके द्वारा निरीक्षण कर मरम्मत कार्य चालू करने निर्देशित किया गया था। निर्देशानुसार उक्त काम्प्लेक्स का मरम्मत चालू किया गया। जिसका महापौर श्री यादव ने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत मनोहर यादव, विजय राय के साथ निरीक्षण कर मरम्मत कार्य प्रगति की जानकारी ली।



### समय सीमा में पूरा हो काम

आयुक्त श्री मरकाम ने अधिकारियों से कहा कि काम्प्लेक्स का जीर्णोद्धार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें, कार्य में गति लाएं, मरम्मत कार्य में किसी प्रकार का अवरोध न हो इसका ध्यान रखा जाए, ताकि तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे सहित तकनीकी अमला उपस्थित था।

### मरम्मत के बाद होगी नीलामी

गंज चौक व्यवसायिक परिसर के जीर्णोद्धार के तहत काम्प्लेक्स की सफाई कर मरम्मत चालू कर दिया गया है। महापौर ने कहा कि काम्प्लेक्स जर्जर हो रहा था, जिसे अस्तित्व में लाने मरम्मत कराया जा रहा है। मरम्मत के तहत प्लास्टर पेंट, पुट्टी रैलिंग, सीढ़ी, बिजली आदि दुरूस्त किया जाएगा। इसके अलावा नाली एवं पुलिया निर्माण कर पेवरब्लाक लगाया जाएगा, ताकि उक्त काम्प्लेक्स का सदुपयोग किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदार से कहा कि सभी कार्य करने मेन पावर बढ़ाए और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें, प्रतिदिन कार्य की मानिटरिंग कर कार्य में गति लाएं। जीर्णोद्धार पश्चात दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी। जिससे निगम के आय में वृद्धि होगी।

# राजनीतिक दबाव में नहीं निष्पक्ष जांच करे पुलिस

- पुतला दहन प्रकरण में एसपी को महापौर ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पूर्व सांसद एवं महापौर मधुसूदन यादव ने कांग्रेस द्वारा आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान हुई घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विधिसम्मत जांच करने विषयक पत्र लिखा है।

महापौर ने अपने पत्र में लिखा है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा इस घटना को ''पुतला चोरी'' का नाम देकर तत्काल एफआईआर दर्ज कराने पुलिस प्रशासन पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। जबकि कानून किसी दल या व्यक्ति विशेष के दबाव से नहीं, बल्कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर चलता है। महापौर ने इस विषय पर ध्यानाकर्षित करते पूछा है कि जिस पुतले को चोरी होना बताया जा रहा है, उसके जांच से पहले पुतले के वास्तविक स्वामित्व, आधिपत्य एवं संपत्ति के मूल्यांकन के दस्तावेजी प्रमाणित साक्ष्य उपलब्ध कराए गए हैं कि नहीं? क्या इस मामले में चोरी के आवश्यक कानूनी तत्व प्रथम दृष्टया मौजूद भी हैं या नहीं? केवल राजनीतिक आरोप लगा देने से कोई अपराध सिद्ध नहीं हो जाता, इसलिए पुलिस किसी भी प्रकार की कार्रवाई से पहले दोनों पक्षों की बात सुने, उपलब्ध वीडियो फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच करे। महापौर श्री यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रेषित अपने पत्र में यह भी लिखा है कि घटना के दौरान कांग्रेस की पूर्व विधायक द्वारा प्रदर्शन के दौरान जिस प्रकार की अमर्यादित एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया, वह लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक शुचिता के आचरण एवं आदर्शों के विपरीत है। यदि इस परिप्रेक्ष्य में वीडियो एवं अन्य साक्ष्य उपलब्ध हैं, तो उस पहलू की भी समान रूप से जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए। महापौर ने विश्वास व्यक्त किया कि राजनांदगांव पुलिस निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं कानून के शासन की परंपरा को कायम रखते किसी भी राजनीतिक दबाव से प्रभावित हुए बिना न्यायपूर्ण कार्रवाई करेगी।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों के आंदोलन के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसे आंदोलनकारी छात्रों और कांग्रेस नेताओं की जीत बताते शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक से रैली निकाली गई और मानव मंदिर चौक पहुंचकर पटाखे फोड़े गए। दिल्ली के जंतर-मंतर में लगभग 27 दिन चले छात्रों के आंदोलन के बाद केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने शनिवार को अपना इस्तीफा दे दिया है। शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर आंदोलन की जीत का जश्न मनाया।

### आंदोलन को मिली जीत

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि नीट पेपर लीक से प्रताड़ित होकर कई छात्रों ने अपनी जान दे दी। वहीं छात्रों के अधिकारों को लेकर सदन के भीतर और बाहर कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और छात्रों के प्रदर्शन को जीत मिली है। सरकार ने छात्रों पर प्रदर्शन के दौरान लाठी चार्ज कराया। श्री मुदलियार ने कहा कि सरकार छात्रों और कांग्रेस की मांग को पूरी करें, दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई हो, आंदोलन के दौरान गिरफ्तार छात्रों की रिहाई हो।

## पिकअप में ले जा रहे थे मवेशी, पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिकअप वाहन में मवेशियों को भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिकअप वाहन से छह मवेशी बरामद किए गए हैं।

24 जुलाई की रात्रि बजरंग दल की कार्यकर्ता संदेही वाहन का पीछा कर रहे हैचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं से समन्वय कर तत्काल कार्रवाई करते पुलिस ने ग्राम आयबांधा चौक के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका गया।

### मवेशी बरामद

वाहन में 3 नग भैंस, 2 नग भैंसा एवं 1 नग पडवा क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ मिला, जिन्हें जब्त कर सुरक्षार्थ गौशाला भेजा गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशुक्रूरता निवारण अधि 1960 की धारा 11, मो.व्ही. एक्ट धारा 66/192 के तहत कार्रवाई किया गया है।

### दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी राधेश्याम अंबादे 35 साल निवासी दामा बंजारी एवं सिद्धार्थ बंसोड 29 वर्ष निवासी वार्ड नं. 1 बंजरगपुर को 25 जुलाई को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह गौवंश को कत्लखाना महाराष्ट्र ले जा रहे थे। इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव, आरक्षक अजमेर खान की भूमिका महत्वपूर्ण रही।


### बर्फानीधाम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव 28 से

**राजनांदगांव।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानीधाम में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 28 जुलाई से आयोजित है। जिसमें बड़ी संख्या में गुरु परिवार के सदस्य व श्रद्धालु भक्तजनों पहुंचेंगे। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि संस्था द्वारा अपने परमपूज्य गुरुदेव श्रीश्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बर्फानी दादा के चरण पूजन व गुरुपूर्णिमा महोत्सव के तहत 28 जुलाई को संध्या 4 बजे से दुर्ग की महिला मंडलियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 29 जुलाई को सुबह 8 बजे से श्री गुरुदेव की पालकी व शोभायात्रा आश्रम परिसर में भ्रमण करने के पश्चात श्री बर्फानी दादा का गुरु परिवार के सदस्यों व भक्तों द्वारा पंचामृत, गंगाजल, दुग्धाभिषेक व शुद्ध जल से अभिषेक कर श्रृंगार कर पूजन व महाआरती उतारी जाएगी। सुबह 10 बजे से भक्तों द्वारा संगीतमय भजन व हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही गुरुमहिमा का गुणगान किया जाएगा। तैयारियों को अंतिम रूप देने में राजेश मारु, दीपक जोशी, गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, आलोक जोशी, सूरज जोशी, कुलबीर छाबड़ा, आलोक बिंदल, योगेन्द्र पांडे, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, दामोदर अग्रवाल, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल एवं अन्य सदस्यगण सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस की चपेट में आने एक वृद्ध की मृत्यु हो गई। मृतक की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है। रेलवे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।




## पालकी यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

# उज्जैन की तर्ज पर निकलेगी पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाकाल सेना भक्त मंडल द्वारा आगामी सावन माह में निकलने वाली भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा को भव्य, अनुशासित एवं आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को माहेश्वरी भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सावन सोमवार की पालकी यात्रा की संपूर्ण रूपरेखा, यात्रा मार्ग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुरक्षा, स्वच्छता, जनसहभागिता एवं धार्मिक मर्यादाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। श्रद्धालुओं ने सर्वसम्मति से यात्रा को शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया।

### प्रथम पालकी यात्रा 3 को

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रथम पालकी यात्रा 3 अगस्त को दोपहर 1 बजे नंदई से प्रारंभ होगी। यात्रा इंदिरा नगर चौक, बांसपाई पारा, दुर्गा चौक, गांधी चौक, महाकाल चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन एवं गोल बाजार से होते हुए महालक्ष्मी मंदिर हमालपारा पहुंचेगी, जहां यात्रा का विश्राम होगा।



### व्यवस्था पर विशेष जोर

पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी को उठाने वाले पुरुष एवं महिलाओं को सनातन धर्म की परंपराओं के अनुरूप वेशभूषा धारण करनी होगी। जिससे यात्रा की गरिमा एवं धार्मिक मर्यादा बनी रहे। पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने सुझाव दिया कि पालकी यात्रा जिन मार्गों से होकर गुजरेगी वहां पर्याप्त प्रकाश, जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही यात्रा के गुजरने के बाद मार्गों की सफाई के लिए अलग टीम की व्यवस्था की जाए, ताकि स्वच्छता एवं व्यवस्था बनी रहे।

### 12 स्थानों पर निकलेगी पालकी यात्रा

पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष राजनांदगांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भगवान चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रथम सोमवार 3 अगस्त, द्वितीय सोमवार 10 अगस्त, तृतीय सोमवार 17 अगस्त, चतुर्थ सोमवार 24 अगस्त, पंचम सोमवार 31 अगस्त तथा विशेष पालकी यात्रा 6 अगस्त गुरुवार को निकाली जाएगी। इसके अतिरिक्त डोंगरगांव, खैरागढ़, पार्रीकला, बोदला सहित अन्य स्थानों में भी महाकाल पालकी यात्राओं का आयोजन होगा।



## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित हुए वेदकुमार



**कवर्धा।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला क्रमांक-01 कवर्धा के प्रतिभाशाली छात्र वेदकुमार ने प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार, शिक्षकों एवं परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वेदकुमार कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम शीतलपानी के निवासी जो कि बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से वे वर्तमान में कवर्धा के छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत, लगन और नियमित अध्ययन का परिणाम प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन के रूप में सामने आया है। शाला के शिक्षकों ने बताया कि वेदकुमार शुरू से ही अध्ययनशील एवं अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। विद्यालय परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

### मक्के विद्यालय मे बाल कैबिनेट का किया गया गठन



**कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के संकुल केन्द्र पथर्रा में बाल कैबिनेट का गठन शनिवार को बैगलैस-डे पर बाल कैबिनेट शाला प्रतिनिधि का गठन प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी शाला नायक प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, स्वच्छता मंत्री, क्रीड़ा खेलमंत्री, वन पर्यावरण वृक्षारोपण मंत्री, सांस्कृतिक प्रभारी, योगा, किचन गार्डन प्रभारी, पास्को कानून प्रभारी, मध्याह्न भोजन, उप कक्षानायक आदि महत्वपूर्ण पदों का लोकतांत्रिक चुनाव प्रणाली शांति पूर्ण ढंग से किया गया। जिसमें कक्षा नायक छात्र गायत्री साहू, लोकेश्वरी साहू, दुर्गेश्वरी साहू, संतोषी साहू, वैष्णवी साहू, रूखमणि साहू, सूर्यपाल, खिलेश साहू, बलदाऊ साहू, लोकेश्वरी साहू, संतोषी, दुर्गेश्वरी, पूनम, दुर्गा, डीकेंद्र को जिम्मेदरियां दी गई। जिस पर प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन ने बच्चों को तिलक व पुष्प माला पहनाकर, शपथ दिलवाई तथा सभी को शुभकमनाएं प्रेषित की। प्रधान पाठक कपूर चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, यूगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, रसोईया व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### न्योता भोज से विद्यार्थियों को परोसा स्नेह व संस्कार



**कवर्धा।** शासन प्रशासन की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत संकुल मानिकचौरी शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव में गुरुवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। ग्राम के विनायक चंद्रवंशी ने अपने पुत्र एवं पुत्री के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था कर सामाजिक सहभागिता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। न्योता भोज में विद्यार्थियों को मिठाई, केला, लड्डू, खीर-पूरी के साथ दाल, चांवल एवं सब्जी परोसी गई। विद्यालय परिवार एवं बच्चों ने इस आत्मीय पहल की सराहना की। जिस पर संस्था के प्रधान पाठक प्रेमनारायण शर्मा ने बताया कि ग्राम में विभिन्न शुभ अवसरों पर ग्रामीणों द्वारा विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में अपनत्व की भावना विकसित होती है तथा समाज और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। इस अवसर पर योगेश चंद्रवंशी, विनायक चंद्रवंशी, ज्ञानेंद्र चंद्रवंशी, शिक्षक विसर्जन राम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नंदनी चंद्रवंशी, सहायिका कुमारी बाई, श्रीमती विमला, भगौती बाई सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थें।

### चरोटा भाजी औषधीय गुणों से भरपूर



**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ की समृद्ध खाद्य संस्कृति में कई ऐसी पारंपरिक सब्जी-भाजी शामिल है जो स्वाद और स्वास्थ्य का बेहतरीन मेल प्रस्तुत करती है, इन्हीं में से एक है चरोटा भाजी और दाल की सब्जी ग्रामीण क्षेत्र में दशकों से पसंद की जाने वाली यह देसी सब्जी-भाजी बरसात के मौसम में विशेष रूप से बनाई जाती है, प्राकृतिक रूप से उगने वाली चरोटा-भाजी और प्रोटीन से भरपूर दाल का संयोजन न केवल भोजन का स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि शरीर को आवश्यक पोषक तत्व भी प्रदान करता है, यही कारण है कि यह व्यंजन आज भी छत्तीसगढ़ की घरों और गांव की रसोई में अपनी खास पहचान बनाए हुए हैं। यह छत्तीसगढ़, झारखंड और मध्यप्रदेश की आदिवासी इलाकों में इसका सेवन बहुत चाव से किया जाता है पोषक तत्वों से भरपूर इस भाजी को आमतौर पर चना दाल, अरहर दाल, लहसुन और लाल मिर्च की तड़के के साथ पकाया जाता है।

# डिप्टी सीएम, प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की मैराथन समीक्षा

- जनप्रतिनिधियों के सुझावों के अनुरूप विभागों को तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिले के प्रभारी एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में किसानों को खाद की उपलब्धता समान रूप से सुनिश्चित की जाए तथा सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री और अवैध चखना दुकानों पर पुलिस विभाग के साथ संयुक्त अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। गौ-धाम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अभी जिले में 17 गौठानों की स्वीकृति मिली है। उन्होंने 10 अगस्त तक सभी का पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए। मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में लगभग 30 हजार मीट्रिक टन मछली उत्पादन हो रहा है, जिसे बढ़ाकर 35 हजार मीट्रिक टन करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले की अर्थव्यवस्था और जीडीपी बढ़ाने की दिशा में सभी विभाग प्रयास करें। नगरीय निकायों में पट्टा सर्वेक्षण एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। सरस्वती साइकिल योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि साइकिलों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वेंडर द्वारा उपलब्ध कराई गई साइकिलें गुणवत्तापूर्ण होने पर ही स्वीकार की जाएं। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जिले में गुलाबी चने के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रबी सीजन में इसका रकबा एवं उत्पादन बढ़ाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उप मुख्यमंत्री ने समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण कराने, जनजागरूकता बढ़ाने तथा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले की बिहान समूह की महिलाएं सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल स्थापना का कार्य कर रही हैं और यह प्रदेश का पहला ऐसा समूह है। उन्होंने इन महिला समूहों को अन्य कार्यों के लिए भी अनुबंध उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उप मुख्यमंत्री ने मरम्मत योग्य सड़कों का शीघ्र सुधार कराने और सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### किसानों, महिलाओं, श्रमिकों और विद्यार्थियों से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष फोकस



उद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना चाहिए। जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग कर कमियों में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए बेहतर कार्य अपनाने और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि सभी पटवारी अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। इसके लिए कलेक्टर को आवश्यक आदेश जारी करने के निर्देश दिए। श्रम विभाग की समीक्षा में उन्होंने सभी विकासखंड मुख्यालयों में पंजीयन शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों का अन्यत्र अटैचमेंट किया गया है, उन्हें तत्काल मूल पदस्थापना स्थल पर भेजा जाए ताकि विद्यालयों में नियमित शिक्षण कार्य प्रभावित न हो। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अधिक से अधिक घरों में सोलर रूफटॉप पैनल लगाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

## दूरस्थ और वनांचल क्षेत्र होने के कारण संचार व्यवस्था पहले से ही सीमित है

# वनांचल ग्राम छिंदीडीह में महीनों से ठप बीएसएनएल सेवा, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर

कुकदुर तहसील अंतर्गत वनांचल एवं पहाड़ी ग्राम छिंदीडीह जो छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमा से लगा हुआ है तथा जहां विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समाज के लोग निवास करते हैं, वहां बीएसएनएल की मोबाइल सेवा बदहाल स्थिति में है। गांव में बीएसएनएल का मोबाइल टावर स्थापित होने के बावजूद अधिकांश समय बंद रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम निवासी शिवप्रसाद ने बताया कि गांव का बीएसएनएल टावर महीने में केवल चार से पांच दिन ही संचालित रहता है, जबकि शेष दिनों में पूरी तरह बंद रहता है। इसके कारण गांव के सभी बीएसएनएल उपभोक्ता मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा से वंचित रहते हैं। कॉल नहीं लगती, इंटरनेट नहीं चलता और आपातकालीन परिस्थितियों में भी किसी से संपर्क स्थापित नहीं हो पाता, जिससे ग्रामीणों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि वे प्रतिमाह 200 से 250 का रिचार्ज कराते हैं, लेकिन नेटवर्क उपलब्ध नहीं होने से उनका पैसा व्यर्थ चला जाता है। दूरस्थ और वनांचल क्षेत्र होने के कारण संचार व्यवस्था पहले से ही सीमित है, ऐसे में बीएसएनएल टावर के बंद रहने से विद्यार्थियों, किसानों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### तत्काल तकनीकी जांच कराने की मांग



वनांचल के रहवासी ग्रामीणों ने बीएसएनएल के संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम छिंदीडीह स्थित टावर की तत्काल तकनीकी जांच कराकर उसे 24 घंटे एवं सातों दिन सुचारु रूप से संचालित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई जिससे वनांचल वासियों को सुविधा मिल सकें, साथ ही साथ वनांचलवासी ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर बीएसएनएल सेवा का बहिष्कार करने पर विवश होंगे। बीएसएनएल सेवा बाधित होने से ग्रामीणों को भारी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

### अर्जुन तिवारी ने स्व. जगदीश को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पंडरिया जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी विगत दिवस अपने एक दिवसीय प्रवास के दरम्यान पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से भेंट मुलाकात किए। वहीं श्री तिवारी महका, महली गांव के पश्चात ग्राम दुल्लापुर पहुंच कर कोलेगांव, मोहगांव, कुंडा ही नहीं बल्कि जिले के बड़े वकीलों में शुमार स्व. जगदीश तिवारी के निवास पहुंचकर त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किए तथा उनके परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें सांत्वना प्रदान किए। स्व तिवारी को श्रद्धांजलि देने बड़ी संख्या में कुंडा पंडरिया व कवर्धा के वकील, सामाजिक कार्यकर्ता विभिन राजनैतिक दल के लोग तथा आसपास के ग्रामों के प्रतिष्ठित लोग बड़ी संख्या में उनके निवास पहुंचे।

# टी-शर्ट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे

- जन सहयोग से सदनवार टी-शर्ट वितरण की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

शासकीय प्राथमिक शाला घुघरी खुर्द में जन सहयोग और सामुदायिक सहभागिता की एक अनोखी एवं प्रेरणादायक मिशाल देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत दिनेश पटेल द्वारा शाला के 43 नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टी-शर्ट का वितरण किया गया। श्री पटेल की इस सराहनीय पहल से प्रेरित होकर शाला के शिक्षकों, पालकों एवं शाला विकास समिति (एसएमसी) के आपसी समन्वय से एक अभिनव योजना बनाई गई।

इसके तहत विद्यालय की प्रत्येक कक्षा के बच्चों की पहचान और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए सदनवार (कक्षावार) अलग-अलग रंगों की टी-शर्ट वितरित की गई। जिसमें कक्षा 1ली नीला रंग, कक्षा 2री सफेद रंग, कक्षा 3री पीला रंग व कक्षा 4थी हरा रंग तथा कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को लाल रंग अलग-अलग रंगों की टी-शर्ट पहनकर बच्चे बेहद उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर वीरसिंग पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्राइवेट स्कूल की तरह अनुशासन में छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार शिक्षा बेहतर हो इसके लिए कई योजना लागू किए हैं, बच्चो को आर्शीवाद उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से वीरसिंह पटेल, अश्वनी निषाद, विजय पटेल, पुरुषोत्तम पटेल सभी अतिथियों ने ग्रामीणों और शिक्षकों के इस साझा प्रयास की प्रशंसा कर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला परिवार के समस्त सदस्यों का विशेष एवं सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठिका श्रीमती डिम्पल श्रीवास्तव, शिक्षक चंद्रकुमार धावलकर, अवधेश चंद्रवंशी, उमाशंकर साहू, मालिक राम साहू एवं अजमत कुरैशी उपस्थित थें।

# राज्य सलाहकार अभिलाषा ने रूसे का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा/कोलेगांव



शुक्रवार को एसडब्ल्यूएम रूल्स-2026 के अंतर्गत राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायपुर अभिलाषा के द्वारा जिले के पंडरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रूसे में दौरा कर महिला समूह से मुलाकात कर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन 4 प्रकार के कचरा सुखा गीला, लाल एव काला कचरा के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। ग्राम पंचायत रूसे के सेग्रीगेशन शेड में पहुंचकर स्व.सहायता समूह एवं ग्रामवासी मितानिन दीदी आंगनबॉड़ी कार्यकर्ता सहायिका को कचरा प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया और कचरा कलेक्शन करने वाले दीदियों को उनके द्वारा बताए गए की सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सभी कचरा को अलग-अलग भागों में बाट कर एकीकृत कर आप लोगों का आजीविका का यह साधन होगा करके अवगत कराया। उक्त दौरे में स्वाति शुक्ला जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला पंचायत कबीरधाम, पंचूराम टंडन विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जनपद पंचायत पंडरिया, ग्राम पंचायत रूसे के सरपंच दिलीप कुमार चंद्रवंशी, रमेश शर्मा ग्राम पंचायत सचिव, प्रेमचन्द्र चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, मुखीराम साहू, अमित चंद्रवंशी, कचरा कलेक्शन करने वाले हमारे दीदी, मितानीन दीदी, आंगनबॉड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

## भोरमदेव मंदिर में महाअनुष्ठान 29 जुलाई तक आयोजित

# पांच दिवसीय महाचतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम् पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ के खजुराहो के नाम से विख्यात कबीरधाम स्थित ऐतिहासिक भोरमदेव महादेव मंदिर में लंबे अंतराल के बाद दिव्य अनुष्ठान महाचतुर शुद्धि सहस्त्र कलशम् -2026 होने जा रहा है। श्री महा दिव्य देशम् फाउंडेशन और भोरमदेव सनातन तीर्थ ट्रस्ट कबीरधाम के तत्वाधान में यह पांच दिवसीय वृहद अनुष्ठान 25 से 29 जुलाई (गुरु पूर्णिमा) तक आयोजित किया जा रहा है।



मैकाल पहाड़ियों की तलहटी में 1089 ईस्वी में नागवंशी राजा गोपालदेव के शासनकाल में निर्मित यह मंदिर महज एक ढांचा नहीं, बल्कि शैव आगम पद्धति, तांत्रिक साधना और गोंड-बैगा आदिवासियों की प्रकृति-पूजा (बूढ़ादेव) का एक दुर्लभ समन्वय है। वास्तु विज्ञान के अनुसार पूर्वमुखी इस मंदिर में सूर्य की किरणें सीधे शिवलिंग पर पड़ती हैं। यहां की प्रतिमाएं शिव-शक्ति के मिलन और तांत्रिक साधना में कुंडलिनी जागरण का प्रतीक हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मड़वा महल और छेरकी महल जैसे पूरे अनुष्ठानिक परिपथ को फिर से जागृत करना है। अनुष्ठान केरल से आए दिव्य पुजारियों द्वारा वैदिक परंपरा व क्रियाओं के साथ संपन्न कराया जाएगा।

इस दौरान भुवनेश्वर से आए पद्मश्री गुरुजी के शिष्यों द्वारा नृत्य के माध्यम से भगवान की आराधना की जाएगी, साथ ही केरल के पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुनों से भी ईश्वर की स्तुति होगी। फाउंडेशन के संस्थापक आरआर ने अपने संदेश में स्पष्ट किया है कि यह आयोजन मंदिरों को पर्यटन स्थल तक सीमित रखने के बजाय, उन्हें पुनः जागृत ऊर्जा केंद्रों के रूप में स्थापित करने की एक सकारात्मक पहल है। शास्त्रों और आगमों के अनुसार यह देव-ऊर्जा के जीर्णोद्धार का पवित्र अनुष्ठान है, जिसमें प्रकृति, क्षेत्रपालों और ईश्वरीय शक्ति का मिलन होगा। यह पूजा मंदिर के साथ-साथ पूरे परिक्षेत्र के लिए लाभकारी और ऊर्जावान साबित होगी।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या:** मनमाने बिजली बिल से त्रस्त उपभोक्ताओं ने बिजली ऑफिस का किया घेराव

# घरों, दुकानों, खेतों में लगे स्मार्ट मीटर उखाड़कर वापस करने पहुंचे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लगातार बढ़कर आ रहे बिजली बिल से त्रस्त पाण्डातराई क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने इसकी मुख्य वजह स्मार्ट मीटर को मानते हुए शनिवार को नगर पंचायत पाण्डातराई के विद्युत सब-स्टेशन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया। यहां बड़ी संख्या में उपभोक्ता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उनके घरों, खेतों तथा प्रतिष्ठानों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उखाड़कर लौटाने पहुंचे थे। इस दौरान उपभोक्ताओं ने अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन भी प्रशासन को प्रदेश के राज्यपाल के नाम सौंपा।

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में लगातार इस बात की शिकायत सामने आ रही है कि जब से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के घरों, प्रतिष्ठानों व खेतों में स्मार्ट मीटर लगाए हैं, उनकी रीडिंग और बिजली बिल अनाप-शनाप आ रहा हैं। अपनी इस समस्या को लेकर शनिवार को पाण्डातराई विद्युत सब-स्टेशन पहुंचे सैकड़ों उपभोक्ताओं ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल स्मार्ट मीटर लगने से पहले 500 से 1000 रुपए आता था, वह अब उतनी ही खपत होने के बावजूद हजारों रुपए में पहुंच रहा है। इसकी शिकायत वे लगातार विद्युत विभाग के अधिकारियों से करते आ रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

इसी वजह से गुस्साए उपभोक्ताओं ने शनिवार को बड़ा कदम उठाते हुए अपने घरों, प्रतिष्ठानों और खेतों में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उखाड़कर विभाग को वापस करने पहुंच गए। इस दौरान उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग सहित शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। बाद में अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के राज्यपाल के नाम प्रशासन को सौंपा।



### कांग्रेस ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

विरोध प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम साहू तथा युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी, कांग्रेस के युवा नेता तुकाराम चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लॉन्च की गई सूर्य घर योजना का प्रदेश और जिले में कोटा पूरा करने की मंशा से उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। कभी बिजली दरों में वृद्धि की जा रही है तो कभी स्मार्ट मीटर लगाकर मनमाना बिजली बिल थोपा जा रहा है, जिससे उपभोक्ता त्रस्त होकर सरकार की सूर्य घर योजना को अपनाने के लिए मजबूर हों। उन्होंने कहा कि यह उपभोक्ताओं का निजी फैसला है। सरकार इस तरह के हथकंडे अपनाकर किसी को मजबूर नहीं कर सकती। उन्होंने इसका पुरजोर विरोध करते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

### ज्ञापन में रखी गईं आधा दर्जन मांगें

उपभोक्ताओं के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर से आ रहे गलत एवं अत्यधिक बिजली बिलों की जांच कर उन्हें निरस्त किए जाने तथा वास्तविक उपयोग के आधार पर नए सिरे से बिल बनाए जाने, जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाए जाने तथा लगाए गए स्मार्ट मीटरों की जांच कर आवश्यकतानुसार हटाए जाने, बिजली बिल में की गई बेतहाशा वृद्धि को तत्काल वापस लिए जाने और पुरानी दरों पर ही बिल वसूली किए जाने, विद्युत व्यवस्था में सुधार किए जाने, जर्जर तार, पोल एवं ट्रांसफार्मरों को तत्काल बदलकर फॉल्ट आने पर त्वरित लाइन सुधार सुनिश्चित किए जाने, बिजली दरों में कमी किए जाने तथा अघोषित विद्युत कटौती बंद किए जाने की मांग की गई है।

# 77 किलो गांजा तस्करी के दोषी को 12 साल की सजा

- एनडीपीएस कोर्ट का सख्त फैसला, 1 लाख रूपए का अर्थदंड भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच विशेष न्यायाधीश की अदालत ने बहुचर्चित गांजा तस्करी मामले में बड़ा फैसला सुनाया है।



न्यायालय ने 77.310 किलोग्राम गांजा की तस्करी के मामले में मध्यप्रदेश निवासी आरोपी को दोषी ठहराते हुए 12 वर्ष के कठोर कारावास तथा एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि अर्थदंड जमा नहीं करने की स्थिति में दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

गौरतलब है कि 20 जुलाई 2023 को कुकदूर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से आ रही एक बोलेरो पिकअप वाहन में भारी मात्रा में अवैध गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए वाहन को रोककर तलाशी ली। जांच के दौरान वाहन के डाले के नीचे बनाए गए गुप्त चैंबर से खाकी रंग की टेप में लिपटे 80 पैकेट बरामद किए गए, जिनमें कुल 77.310 किलोग्राम गांजा मिला।

पुलिस ने मामले में मध्यप्रदेश के सागर जिले के निवासी 30 वर्षीय दीपक सिंह लोधी को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया। विवेचना पूर्ण होने के बाद साक्ष्य एवं दस्तावेजों सहित चालान विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने 24 जुलाई को अपना निर्णय सुनाया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उससे जुड़े अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ऐसे मामलों में कठोर दंड आवश्यक है।

इसी आधार पर आरोपी को 12 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। साथ ही न्यायालय ने निर्देश दिया कि आरोपी द्वारा 20 जुलाई 2023 से न्यायिक अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### राज्य सलाहकार श्रीमती आनंद पहुंची फील्ड

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण करने गत दिवस राज्य सलाहकार श्रीमती अभिलाषा आनंद ने ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत चयनित ग्राम पंचायत धरमपुरा, रुसे, एवं सारंगपुरकला में एफएसटीपी ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में बने सेग्रीगेशन शेड का बारीकी से निरीक्षण किया। शेड में रखे सूखा, गीला, लाल और काला सहित चार प्रकार के कचरा पृथक्करण की व्यवस्था को देखा और उपस्थित मैदानी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कचरा कलेक्शन का निरीक्षण करते हुए राज्य सलाहकार ने कहा कि अलग-अलग प्रकार के कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने से न केवल स्वच्छता बेहतर होगी, बल्कि पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग) के माध्यम से यह स्व-सहायता समूहों और कचरा संग्रहण के कार्य में लगी महिलाओं के लिए यह आजीविका का महत्वपूर्ण साधन बन रहा है।

### आठ बेटियों को मिली सपनों की साइकिल

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल चचेड़ी में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की आठ छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया।

# खैरवार तालाब में मिला 25 वर्षीय युवक का शव

## घर से नहाने के लिए निकला था युवक



- मामले की जांच में जुटी पाण्डातराई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

जिले के पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम खैरवार गांव के तालाब में शनिवार को एक युवक का शव मिला है। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल पाण्डातराई पुलिस को दी।

सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं प्रारंभिक पूछताछ में मृतक की पहचान लोमेश यादव आयु 25 वर्ष निवासी ग्राम खैरवार के रूप में की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों, मृतक के परिजनो और पाण्डातराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लोमेश यादव घर से नहाने के लिए तालाब जाने की बात कहकर निकला था। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान तालाब किनारे उसके कपड़े पड़े मिले, जिससे अनहोनी की आशंका हुई।

इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल पांडातराई पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तालाब में खोजबीन शुरू की। कुछ देर की मशक्कत के बाद युवक का शव तालाब से बरामद कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि लोमेश यादव गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों के बयान भी दर्ज कर रही है, ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों की पुष्टि की जा सके।

### तालाब किनारे से मृतक के कपड़ा व चप्पल बरामद

तालाब किनारे मृतक का कपड़ा-चप्पल मिला है, आशंका है कि नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से युवक की मौत हुई है, फिलहाल मामले की जांच जारी है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी इस हादसे से स्तब्ध हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अभ्युदय स्कूल में दस दिवसीय पैरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य सुदृढ़ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से अभ्युदय स्कूल, कवर्धा में 14 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए चरणबद्ध रूप से पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक कार्यप्रणाली, नवीन शिक्षण पद्धतियों, मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास में उनकी सहभागिता से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही. शोभा जी, प्राथमिक समन्वयक श्रीमती रीता सिंह जी, प्री-प्राइमरी समन्वयक सुश्री मौसमी वैष्णव, शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को विद्यालय की संपूर्ण शैक्षणिक कार्यप्रणाली से विस्तारपूर्वक परिचित कराया गया।

उन्हें बताया गया कि अभ्युदय स्कूल में शिक्षण प्रक्रिया केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न होकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा, तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं सृजनात्मकता के विकास पर आधारित है।

अध्ययन-अध्यापन में ब्लूम के वर्गीकरण (ब्लूम्स टैक्सोनॉमी) के अनुरूप शिक्षण पद्धति अपनाई जाती है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी केवल तथ्यों का स्मरण ही नहीं करते, बल्कि उन्हें समझना, उनका विश्लेषण करना, मूल्यांकन करना तथा व्यवहारिक जीवन में उनका सृजनात्मक उपयोग करना भी सीखते हैं।

# पदयात्रा मार्ग को संवारने जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन के प्रथम सोमवार 03 अगस्त को कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक आयोजित होने वाली ऐतिहासिक पदयात्रा की तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी हैं।



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार और कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग द्वारा संपूर्ण पदयात्रा मार्ग की साफ-सफाई, मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित मार्ग उपलब्ध कराया जा सके। लोक निर्माण विभाग द्वारा पदयात्रा मार्ग पर सड़क के दोनों किनारों (शोल्डर) में रेन कट तैयार किए जा रहे हैं, जिससे वर्षा का पानी सड़क पर जमा न होकर आसानी से निकल सके। इसके साथ ही मार्ग में लगाए गए संकेतक (साइनेज) बोर्डों की साफ-सफाई और आवश्यक सुधार का कार्य भी शुरू कर दिया गया है, जिससे पदयात्रियों को दिशा संबंधी जानकारी स्पष्ट रूप से मिल सके।

समनापुर सकरी पुल पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है, ताकि पुल पर पानी का जमाव न हो और श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री रंजीत घाटगे ने बताया कि पदयात्रा प्रारंभ होने से पहले मार्ग पर मौजूद सभी गड्ढों (पॉटहोल्स) को भरने का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा।

### ओपन स्कूल की संपर्क कक्षाएं आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर के अंतर्गत संचालित अध्ययन केंद्र क्रमांक-0202, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बोड़ला में हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के लिए संपर्क कक्षाओं का शुभारंभ 26 जुलाई से होगा।

कक्षाएं प्रत्येक शनिवार व रविवार को निर्धारित समयानुसार नियमित रूप से संचालित की जाएंगी। संपर्क कक्षाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना, विषय विशेषज्ञों के माध्यम से उनकी शंकाओं का समाधान करना और आगामी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कराना है।

ग्रामीणों से मुलाकात कर सुनी लोगों की समस्याएं, विकास की दी सौगात

# उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीण अंचलों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार देर शाम कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी जंगल, कुम्हारी, खोलवा एवं टाटावाही का दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की।



उन्होंने ग्रामीणों के बीच पहुंच उनके साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनका तत्काल निराकरण भी किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की घोषणाएं करते हुए क्षेत्र के विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा ग्रामीणों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सिंघनपुरी जंगल में शीतला मंदिर परिसर के पास मंच निर्माण के लिए 2 लाख रुपए तथा बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की घोषणा की गई। वहीं सिंघनपुरी जंगल के आश्रित ग्राम कुम्हारी में सामाजिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा उप मुख्यमंत्री ने की।

### ग्रामीणों की मांगों पर की गई निर्माण कार्यों की घोषणा

ग्राम पंचायत खोलवा में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने वीबी-जीरामजी के अंतर्गत नवीन आंगनबाड़ी भवन एवं डोम शेड निर्माण की घोषणा की। साथ ही खोलवा के आश्रित ग्राम कटोरी में आंगनबाड़ी भवन के पास समतलीकरण कार्य के लिए 2 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा भी की। इसी प्रकार उन्होंने ग्राम पंचायत टाटावाही के अंतर्गत धनौरा के वार्ड क्रमांक 13-14 में मंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा शेड निर्माण के लिए 8 लाख रुपए की घोषणा की। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 14 में एक हैंडपंप स्थापना, वार्ड क्रमांक 10 में 2.60 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड तथा वार्ड क्रमांक 13 में 2.60 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण कराने की भी घोषणा की।

# प्राकृतिक एवं हानिरहित आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति अपनाएं लोगः डॉ. बाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोगों में प्राकृतिक एवं हानिरहित चिकित्सा पद्धति, आयुर्वेदिक के प्रति आम लोगों का रुझान बढ़ रहा है।




इसका एक जीवंत उदाहरण जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम मरका में संचालित आयुर्वेद औषधालय में साफ देखा जा सकता है। वर्षाकाल को मौसमी बीमारियों का सीजन माना जाता है और इस सीजन में मरका आयुर्वेदिक औषधालय में प्रतिदिन 15 से 25 मरीज विभिन्न बीमारियों का उपचार कराने पहुंच रहे हैं। आयुर्वेद औषधालय की प्रभारी चिकित्सक ने बताया की आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति बिल्कुल हानिरहित है, सही मात्रा, परहेज और नियमित दवा के सेवन से ऐसी मौसमी बीमारियों के साथ कई जटिल रोगों का भी उपचार आयुर्वेद औषधी से संभव है। डॉ. चंद्रवंशी ने कहा कि औषधालय में अधिकांश मरीज पेट संबंधित, सांस संबंधित, महिला रोग, वात रोग, बवासीर, चर्म रोग एवं सामान्य मौसमी रोगों का उपचार कराने आते हैं।

उन्होने बताया कि इन मरीजों की निःशुल्क जांच, उपचार व दवा के साथ आवश्यक सलाह भी दी जा रही है। उन्होंने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि लोग आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का लाभ उठाएं इसके साथ ही भोजन संबंधी नियमों का पालन करें, योग करें, हरी साग सब्जियों का सेवन करें इससे शरीर स्वस्थ रहता है। विशेष रूप से मुनगा भाजी और अन्य पत्तेदार सब्जी के अनेक फायदे हैं। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है।